52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 08.3°c अधिकतम 21.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:03 सूर्यास्त-5:21 | वर्ष : 52/ अंक : 342 | बुधवार, 11 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4


**अमृतवाणी**

जरूरी नहीं हर बार आपके शब्दों को सही समझा जाए, इसलिए कभी कभी चुप रहना ज्यादा बेहतर होता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

लालू प्रसाद यादव का मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया है : राजीव रंजन प्रसाद



बीमारी की जमानत पर जेल से बाहर आए हुए भी बहुत दिन हो गए.......

# 25 हजार के इनामी को लिया घेर, हाथोंहाथ किया ढेर

**मुजफ्फरनगर, 10 दिसम्बर (बु.)।** बुढ़ाना थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने एक 25 हजार के इनामी बदमाश को घेरकर ढेर कर दिया। बदमाश की गोली लगने से एक दरोगा भी जख्मी हो गया। मारे गए बदमाश के पास से एक तमंचा, एक जर्मन मेड पिस्टल, कारतूस, नकदी व जेवरात बरामद हुए। मुठभेड़ की सूचना पर स्वयं डीआई व एसएसपी अभिषेक सिंह भी मौके पर पहुंचे। आपको बता दें कि बुढ़ाना के जौला गांव के जंगल में कुछ बदमाश डकैती की योजना बना रहे थे। पुलिस को मुखबिर ने इस बात की सूचना दी तो पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान पर सीओ गजेन्द्र पाल सिंह के नेतृत्व में डकैतों को घेरने का प्रयास किया। घेराव करते समय जब बदमाशों की ओर से गोलीबारी की, तो एक गोली कोतवाल आनन्द देव मिश्र को जा लगी तो पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को जब अस्पताल लाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत से पहले पुलिस के अनुसार बदमाश ने अपना नाम अजय उर्फ अजयवीर उर्फ बादल पुत्र विनोद निवासी गांव बसायच, जानसठ मुजफ्फरनगर बताया।



मृत बदमाश डकैती की चार घटनाओं को पहले से ही अंजाम दे चुका था, जिनमें वह वांछित चल रहा था। बदमाश पर कुल 20 आपराधिक मामले दर्ज हैं। मृतक बदमाश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसएसपी अभिषेक सिंह को इस बात की सूचना मिली तो वे तुरन्त मौके पर पहुंच गए। इसी सूचना पर डीआईजी अजय साहनी और एसपी देहात आदित्य बंसल, सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम की हौसला आफजाई करते हुए उन्हें शाबाशी दी। बताया गया है कि उक्त मामले में एक जर्मन पिस्टल, एक तमंचा, बाइक, कारतूस, नकदी व जेवरात भी बरामद हुए हैं। घायल दरोगा को उपचार के लिए भेज दिया गया है। अन्य बदमाशों की तलाश में पुलिस टीम देर रात तक कॉम्बिंग करती रही। जानकारी मिली हे कि इस मुठभेड़ में एसओजी के जवानों का बुढ़ाना पुलिस को बड़ा सहयोग रहा।

## मुठभेड़ में गढ़ी सखावतपुर चौकी प्रभारी हुए जख्मी

**बुढ़ाना, 10 दिसम्बर (बु.)।** मंगलवार की शाम हुई मुठभेड़ में गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी संदीप कुमार डकैत की गोली लगने से जख्मी हो गये। गोली लगते ही संदीप कुमार जमीन पर गिर गये तब उनको टीम में शामिल एक पुलिसकर्मी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए मौके से उठाकर ओट में लिया। पुलिसकर्मियों ने आनन फानन में संदीप कुमार को जीप में लिटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़ाना पहुंचाया। इस दौरान एसएसपी अभिषेक सिंह केंद्र पर पहुंचे और डकैत की गोली से जख्मी हुए संदीप कुमार से उनका हालचाल जाना और हिम्मत ना हारने को कहा। जिस पर संदीप कुमार भावुक हो गये। एसएसपी ने कोतवाल आनंद देव मिश्र व एसओजी प्रभारी सुभाष अत्री को भी शाबाशी दी। दूसरी और घटनास्थल पर एसएसपी को डकैत की जर्मनी की नाइन एमएम की पिस्टल भी मिली है। पुलिस का कहना है कि दरोगा बुलेट प्रूफ जैकेट पहने थे, जिस कारण उनकी जान बच गयी।



## शाहपुर क्षेत्र में खेत पर गए युवक को अज्ञात लोगों ने गोली मारी, हालत गंभीर

**शाहपुर, 10 दिसम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव निरमाना में अपने दोस्त के खेत पर गए जनपद बागपत निवासी एक युवक को अज्ञात लोगों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव निरमाना निवासी निशांत ने बताया कि बागपत जनपद के थाना चांदी नगर के गांव कहरका निवासी 28 वर्षीय गौतम उसका दोस्त है। रविवार को उसका दोस्त गांव में उसके पास आया था। उसने बताया कि मंगलवार की दोपहर उसका दोस्त गौतम गांव काकड़ा से निरमाना जा रहे मार्ग पर स्थित उसके खेत पर गया था तथा वह दूसरे खेत में कार्य कर रहा था। उसके दोस्त ने उसे फोन पर सूचना दी की उसे गोली मार दी है। इसके बाद वह उसके पास पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया, जहां से गंभीर घायल को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पर सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे। सीओ ने बताया कि गम्भीर घायल को पेट व जांघ में दो गोली लगी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**शाहपुर, 10 दिसम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के बरवाला गेट के पास आयशर कैंटर की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि गांव कुरथल निवासी 25 वर्षीय बंटी पुत्र धर्मेंद्र बाइक पर सवार होकर मुजफ्फरनगर से अपने गांव वापस लौट रहा था, जब वह बरवाला गेट के पास पहुंचा, तो सामने से आ रहे आयशर कैंटर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह उछलकर सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि आयशर कैंटर को कब्जे में ले लिया गया, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में मृतक के पिता ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है।

# कुख्यात गडरिया गैंग से शाहपुर पुलिस की मुठभेड़, आठ बदमाश धर दबोचे

▶ चार बदमाशों को पुलिस ने चखाया पीतल ▶ आदमपुर डकैती सहित कई घटनाओं का खुलासा ▶ एसएसपी ने 25000 इनाम की घोषणा की

**शाहपुर, 10 दिसम्बर (बु.)।** थानाक्षेत्र के तावली-लच्छेड़ा मार्ग पर बदमाशों व शाहपुर, मंसूरपुर पुलिस व एसओजी टीम के साथ हुई मुठभेड़ में पुलिस ने घायल चार बदमाशों सहित आठ बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों ने आदमपुर सहित कई डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सोमवार की रात्रि थाना पुलिस को सूचना मिली कि कुछ बदमाश थाना क्षेत्र के तावली-लच्छेड़ा मार्ग पर डकैती की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद थाना पुलिस ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना पुलिस के साथ थाना मंसूरपुर व क्षेत्र में गश्त कर रही एसओजी टीम मौके पर पहुंची और डकैती की योजना बना रहे बदमाशों को घेर लिया। बदमाशों ने घिरा देखकर पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। सीओ ने बताया मुठभेड़ में चार बदमाश सादमान पुत्र राशिद निवासी गांव पिनना थाना कोतवाली, मोहित कश्यप उर्फ सोनू पुत्र जयप्रकाश निवासी गांव भभीसा ताहरपुरा थाना कांधल, मुंतयाज पुत्र वहीद निवासी गांव बसायच थाना जानसठ, देवेंद्र पुत्र रामपाल निवासी गांव चौबली थाना बड़ौत बागपत घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घायल बदमाशों के अलावा चार अन्य बदमाश ताहिर पुत्र अकबर निवासी बवाना थाना बुढ़ाना, संदीप पुत्र सत्यवीर गांव शिकारपुर थाना भौराकला, बंटी पुत्र नरेश गांव बिलासपुर थाना नई मंडी व रोहित पुत्र सतीश निवासी बेहड़ा सादात थाना ककरौली को गिरफ्तार किया है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने थाना क्षेत्र के गांव आदमपुर में 19 नवंबर की रात्रि में राजाराम









पाल के यहां डकैती डाली थी। इसके अलावा इन बदमाशों ने जनपद के थाना नई मंडी क्षेत्र, थाना मंसूरपुर, थाना ककरौली व थाना कोतवाली नगर मुजफ्फरनगर क्षेत्र में भी डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया था। सीओ ने बताया कि घायल व गिरफ्तार अभियुक्त विनोद पाल उर्फ विनोद गड़रिया गैंग के सदस्य हैं। पुलिस ने बताया कि बदमाशों के पास से डकैती में लूटा गया सामान सफेद व पीली धातु के आभूषण, एक होम थिएटर के अलावा 23500 रुपये नगद बरामद किए हैं। इसके अलावा पुलिस में बदमाशों के पास से आठ अवैध तमंचे, कारतूस व लूट तथा डकैती की घटना में प्रयुक्त करने वाली एक महिंद्रा पिकअप को भी बरामद किया है। सीओ ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने लूट डकैती के अभियोगों का अनावरण व बदमाशों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 25000 रुपये नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। शाहपुर पुलिस की शातिर डकैत विनोद गडरिया गिरोह के बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए आठ बदमाशों को दबोच लिया। इसमें पुलिस की कार्यवाही के दौरान चार बदमाश गोली लगने से घायल हुए, पुलिस ने उनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इन बदमाशों से पूछताछ के बाद पुलिस ने चार डकैतियों के साथ ही पांच घटनाओं का खुलासा किया और इन वारदातों में लूटे गये जेवरातों, नगदी के अलावा अवैध असलाह और एक गाड़ी भी बरामद की है। मुठभेड़ की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी और सीओ भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह ने थाने पर पत्रकारों को दी गई जानकारी में बताया कि दो थानों की

शेष - पृष्ठ-4 पर

# रेलवे स्टेशन को मिली एक और सौगात, कौन सा कोच कहां रुकेगा, उसके लिए लगाए जा रहे डिस्पले बोर्ड

**मुजफ्फरनगर, 10 दिसम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन को सौंदर्यकरण के बाद अब एक और सौगात मिली है। आधुनिक युग में आधुनिकता के चलते अब मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन भी पीछे नहीं रहेगा। पहले जब रेलवे स्टेशन पर यात्री पहुंचते थे तो उन्हें समोसे बेचने वाले, चाय वाले, चिप्स बेचने वालों से पूछना पड़ता था कि बोगी नम्बर एस-5 कहां पर आएगा तो कभी उक्त सामान बेचने वाले बता दिया करते थे और कभी ग्राहकों की भीड़ के चलते यात्रियों को कह देते थे कि अपने आप पता कर लो। अब यात्रियों को किसी समोसे, चिप्स अथवा चाय वाले से यह बात पूछने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि गुरूवार से मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म्स पर प्रत्येक कोच के सामने डिस्पले बोर्ड लगाने का काम शुरू हो गया है। फिलहाल यह सुविधा प्लेटफॉर्म नं. 1 पर ही की जा रही है। हालांकि स्टेशन अधीक्षक पवन कुमार का कहना है कि अन्य प्लेटफॉर्म्स पर भी यह सुविधा उपलब्ध होगी अभी वहां यह सुविधा उपलब्ध न होने का कारण प्लेटफॉर्म नं. 2 व 3 पर अन्य कार्य होने बाकी हैं, उसके बाद वहां भी यह बोर्ड लगवाए जाएंगे।





## स्टेशन अधीक्षक ने दिए लिफ्ट स्वचालित सीढीयों व विकलांगों को प्लेटफॉर्म पार कराने के सुझाव

**मुजफ्फरनगर।** बुलेटिन टीम ने मुजफ्फरनगर रेलवे प्लेटफॉर्म पर डिस्पले लगने के बाद स्टेशन पहुंचकर उनसे बातचीत की तो उन्होंने और भी अन्य सुझाव सामने रखे। उक्त सुझाव वास्तव में सराहनीय हैं। उनका कहना था कि मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन का सौंदर्यकरण होने के बाद आधुनिकता के चलते अब डिस्पले भी लगना शुरू हुआ है, मगर अभी भी स्टेशन आसपास के जनपदों से पिछड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि कई मूलभूत सुविधाएं अभी भी स्थानीय स्टेशन पर नहीं हैं। जब दिव्यांगों और बुजुर्गों को प्लेटफॉर्म पार कराना होता है तो बड़ी दिक्कतों का सामना करना होता है। ऐसे में इधर से उधर जाने के लिए एक रास्ता बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए होना अति आवश्यक है। उन्होंने आसपास के जनपदों की याद दिलाते हुए कहा कि सहारनपुर में कई वर्ष पहले लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध हो गयी थी। जिनके घुटने खराब व जीना चढ़ने में सांस फूलता है, उनके लिए लिफ्ट भी लगनी चाहिए। इसी तरह उन्होंने स्वचालित सीढ़ीयों की भी मांग रखी। अब देखना यह होगा कि स्टेशन अधीक्षक पवन कुमार की यह पवित्र मंशा कब तक पूरी हो पाती है।

## शाहनवाज के बेटे शाह आजम राणा समेत 5 के विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 10 दिसम्बर (बु.)।** लगातार पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। शाहनवाज के साथ-साथ परिवार व अन्य कर्मचारियों पर भी लगातार मुकदमे बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में सहायक आयुक्त राज्य कर ने पूर्व विधायक शाहनवाज राणा के बेटे आजम राणा समेत पांच लोगों के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाने पर सहायक आयुक्त, राज्य कर प्रद्युम्न चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सर्वश्री जम्बूदीप एक्सपोर्ट एण्ड इम्पोर्ट लिमिटेड मेरठ रोड के जीएसटी नम्बर के विरुद्ध प्राप्त इनपुट के आधार पर कम्पनी की जांच 2018-19 में राज्य कर विशेष अनुसंधान की शाखा द्वारा की गयी। कम्पनी की ओर से जो प्रपत्र प्रस्तुत किये गए उनमें चार कम्पनियां अस्तित्व में नहीं आ पाईं, जबकि एक कम्पनी की बिल्टियां असत्यापित पाई गयीं। इन गड़बड़ियों के आधार पर कम्पनी पर 27 करोड़ 2 लाख 47 हजार रुपये का बकाया है, जिसे कम्पनी द्वारा जमा नहीं कराया गया। कम्पनी द्वारा कूटरचित दस्तावेज से आईटीसी क्लेम किया गया, जिसके द्वारा सरकारी राजस्व को हानि पहुंचाने के उद्देश्य से फर्जी बिल्टियां तैयार कराई गयी, इसी आधार पर मेरठ रोड स्थित सर्वश्री जम्बूदीप एक्सपोर्ट कम्पनी के डायरेक्टर कामरान राणा (शाहनवाज राणा के साले), शाह आजम राणा पुत्र शाहनवाज राणा, जिया अब्बास जैदी और तौसीफ कुरैशी समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गयी है। बताया जा रहा है कि उक्त फर्जीवाडे में कई और नाम सामने आने की सम्भावना है।

## पूर्व सांसद संजीव बालियान के कार्यकाल में हुआ था सौंदर्यकरण

**मुजफ्फरनगर।** पूर्व सांसद संजीव बालियान ने मुजफ्फरनगर को वास्तव में सौंदर्यकरण की शानदार सौगात दी थी। उनके सांसदी कार्यकाल में उन्हीं की मांग पर मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन का





करोड़ों रुपये का बजट पास कराया गया था और वास्तव में रेलवे स्टेशन का रूप ऐसा निखरकर आया था कि मानों हम राजस्थान के किशनगढ़ स्टेशन पर खड़े हों। रेलवे स्टेशन के बाहर सुसज्जित झरोखे व भव्य प्रवेश द्वार अपने आपमें यादगार रहेगा। उक्त सभी कार्य पूर्व सांसद संजीव बालियान के ही प्रयासों से सम्भव हुए। अग्रिम कड़ी में वर्तमान सांसद से भी लोग यही अपेक्षा करते हैं कि वे सर्वप्रथम तो मुजफ्फरनगर तक रैपिड रेल लाने का काम करेंगे, इसी के साथ साथ लिफ्ट, स्वचालित सीढीयां व बुजुर्गों के लिए एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लूटफॉर्म जाने का रासता बनाएंगे। अब देखना यह होगा कि उक्त कार्य 2029 तक वर्तमान सांसद के कर कमलों से पूरा होता है अथवा नहीं।

# पिनना बाईपास पर कार और बाइक भिड़ंत में मां-बेटे की दु:खद मौत

मुजफ्फरनगर, 10 दिसम्बर (बु.)। पिनना बाईपास पर पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर सोमवार की रात सड़क हादसे में जसोई निवासी मां व बेटे की दुखद मौत हो गयी, जब नरेश अपने परिवार को लेकर पंजाब से वापस अपने गांव जसोई लौट रहा था। सोमवार की देर रात शहर कोतवाली क्षेत्र के पिनना बाईपास पर मारूति की ईको कार व मोटरसाइकिल में जबरदस्त टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भयानक थी कि बाइक पूरी तरह ईको कार में घुस गयी तथा मौके पर ही मां व बेटे की मौत हो गयी। क्षेत्र के लोगों का बताना है कि महिला को जबरदस्ती ईको के अन्दर से खींचकर निकाला गया, जिसे बाद में मुजफ्फरनगर मैडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां मां-बेटे को मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। उक्त परिवार जसोई का रहने वाले नरेश की पत्नी संगीता व सात वर्षीय बेटा अवि की मौत हो गयी, जबकि नरेश की बीस वर्षीया बेटी काजल और कार सवार सचिन और संदीप गंभीर रूप से घायल बताये जाते हैं। पुलिस ने मां-बेटे के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।




### ग्रामीणों ने लगाये आरोप

मुजफ्फरनगर, 10 दिसम्बर (बु.)। देर रात हुई उक्त दुर्घटना के बाद मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम जब मौके पर पहुंची तो भाकियू के राजू पिनना ने आरोप लगाये कि लगातार जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी इस हाईवे पर लाईटें नहीं लगाई जा रही हैं, जिस कारण आये दिन उक्त भीषण हादसे हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन पूर्व भी इस सम्बन्ध में डीएम से मिला गया था और डीएम ने आश्वासन भी दिया था कि तुरंत इस मामले में संज्ञान लिया जायेगा। अब देखना यह होगा कि आखिर प्रशासन कब तक इस मामले में ध्यान देता है।



## पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक के सीएम रहे एसएम कृष्णा का निधन

**नई दिल्ली, 10 दिसम्बर (एजेंसी)।** पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा का मंगलवार तड़के 2.45 बजे बेंगलुरु स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। कृष्णा तीन बार केंद्रीय मंत्री भी रहे। उन्होंने 1999 से 2004 तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। वे महाराष्ट्र के राज्यपाल भी रहे। इस खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। एसएम कृष्णा का पूरा नाम सोमनाहल्ली मल्लैया कृष्णा था। उनका जन्म 1 मई, 1932 को मांड्या जिले के सोमनाहल्ली गांव में हुआ था। एस एम कृष्णा ने अपनी शुरूआती शिक्षा मैसूरु में प्राप्त की थी। उन्होंने बेंगलुरु के सरकारी लॉ कॉलेज से कानून की पढ़ाई की। वे फुलब्राइट स्कॉलर भी रहे। कृष्णा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत मांड्या से विधायक के रूप में की थी। 1962 में वे एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में जीते थे। 1964 में उन्होंने प्रेमा से शादी की ।



## हाथरस में दो वाहनों की भिड़ंत में सात की मौत

**हाथरस, 10 दिसम्बर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में मंगलवार दोपहर एक कंटेनर और टाटा मैजिक की आमने-सामने की टक्कर में सात लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गये। मृतकों में तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।घायलों में छह की हालत नाजुक बताई गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में दुख जताते हुये शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों को समुचित उपचार दिलाने के निर्देश दिए हैं और उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह हादसा सिकंदरा रोड पर जैतपुर गांव के पास दोपहर दो बजे हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, कोतवाली चंदपा के गांव कुम्हरई के निवासी 20 लोग और उनके रिश्तेदार मैजिक में सवार होकर एटा के गांव नगला इमलिया निवासी 60 वर्षीय कैंसर पीड़ति बुजुर्ग देखने के लिए जा रहे थे। गांव जैतपुर के पास कंटेनर ने मैजिक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक कई पलटी मारते हुए खड्डे में जा गिरी। क्षेत्रीय ग्रामीणों ने मैजिक से घायलों को बाहर निकाला। मौके पर ही छह लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि 14 लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां एक बच्चे ने भी दम तोड़ दिया।

## राजा वाल्मीकि हत्याकाण्ड में राजू वाल्मीकि को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 10 दिसम्बर (बु.)।** 5 अप्रैल वर्ष 2017 को खतौली के राजा वाल्मीकि की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में राणा प्रताप निवासी मौहल्ला देवीदास ने राजू वाल्मीकि व खतौली के पूर्व चेयरमैन पारस जैन समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में तीन आरोपी राजू वाल्मीकि, दानिश, गौरा उर्फ गौरव को गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया था, जबकि विवेचना करते हुए पूर्व चेयरमैन पारस जैन को क्लीन चिट दे दी गयी थी मगर वादी के प्रार्थना पत्र पर पूर्व चेयरमैन को तलब किया गया था। इस मामले में कोर्ट ने सोमवार को पूर्व चेयरमैन पारस जैन सहित दानिश व गौरव को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया था। मंगलवार को हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी राजू वाल्मीकि को आजीवन कारावास व दस हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

